राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती का 809 वां उर्स

राज्यपाल श्री मिश्र की ओर से गरीब नवाज की दरगाह पर चादर पेश

ख्वाजा साहब के भाईचारे और सद्भाव के पैगाम का मिलकर करें प्रसार – राज्यपाल

जयपुर, 18 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की ओर से गुरुवार को सूफी सन्त गरीब नवाज ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर चादर पेश कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ख्वाजा साहब के 809 वें सालाना उर्स के मौके पर राज्यपाल श्री मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों के सुखद स्वास्थ्य के साथ खुशहाली, समृद्धि और संपन्नता की दुआ की है और देश–दुनिया से आ रहे जायरीनों को मुबारकबाद दी है।

राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, परिसहाय श्री हर्षवर्धन अग्रवाला एवं विशिष्ट सहायक श्री ज्ञानचन्द जैन ने आज प्रातः 11.30 बजे अजमेर में मजार शरीफ पर चादर पेश की। राज्यपाल श्री मिश्र का संदेश उनके सचिव श्री सुबीर कुमार ने पढ़कर सुनाया। राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने संदेश में कहा कि यतीमों की मदद करने वाले ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भावात्मक एकता और सौहार्द के प्रतीक माने जाते हैं। ख्वाजा साहब ने अमन और शांति के साथ मोहब्बत का जो संदेश दिया वह सभी को प्रेरणा देने वाला है। सभी को मिलकर उनके भाईचारे और सद्भाव के पैगाम का प्रसार करने की जरूरत है।

राज्यपाल श्री मिश्र की ओर से चादर लेकर आए अधिकारियों को खादिम श्री मुकद्दस मोईनी ने जियारत करवाई। खादिम श्री सैय्यद वसीम बारी ने चादर पेश करवाई। दरगाह शरीफ के दिल्ली गेट दरवाजे पर अंजुमन के पदाधिकारियों व जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने चादर की अगवानी की। जियारत के बाद अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सैय्यद वाहिद हुसैन अंगारा और दरगाह कमेटी की ओर से अधिकारियों की दस्तारबंदी की गई।

गुरूवार को प्रातः राज्यपाल श्री कलराज मिश्र एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने सचिव श्री सुबीर कुमार को राजभवन से अजमेर में स्थित सूफी सन्त नवाज ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर चादर पेश करने के लिए सौंपी।

———